1. जैसा कि राज्य सरकार एवं केन्द्रीय सरकार की मंशा है कि समस्त शहर के निकायो में नागरिको को स्वच्छ भारत अभियान के तहत मुलभूत सुविधाएं जिनमें प्रमुख सीवेरज एवं ड्रनेज की सुविधाए उपलब्ध करवायी जावें। राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओ के तहत नगर निगम उदयपुर क्षेत्र में शेष रही सीवेरज लाईन हेतु सर्वे का कार्य प्रगति पर है Exceltech Consutancy द्वारा सर्वे का कार्य किया जा रहा है। Action Plan अनुसार सर्वे कार्य सितम्बर 2015 तक पुर्ण कर DPR बनाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा।
2. नगर निगम द्वारा स्वरूप सागर के पास चौपाटी का निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है जिससे नगर वाली ओवर फ्लो का नजारा/झिलो के नजारे को चौपाटी पर खडे होकर देख सकें एवं उसका आन्नद ले सकें।
3. निगम द्वारा शक्ति नगर के नाले का पुनःनिर्माण किया जा रहा है, जिससे नाले को रोड लेवल के बराबर पुनः निर्मित किया जायेगा, जिससे सडक की चौडाई बढ जायेगी। एवं शक्ति नगर क्षेत्र में वर्षा के पानी का भराव न हो की रोकथाम की जा सकेंगी।
4. दिनांक 17.07.2015 को शहर में जगन्नाथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा जगन्नाथ यात्रा मार्ग में आने वाले सभी रास्तो की मरम्मत/सफाई का कार्य पुर्ण रूप से सम्पादित कर दिया है।
5. प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी दिनांक 14.08.2015 और 15.08.2015 को नगर निगम द्वारा फतह सागर पाल व सहेलियो की बाडी पर हरियाली अमावस्या का मेला आयोजित किया जायेगा। इस हेतु नगर निगम द्वारा मेले की व्यवस्था हेतु अधिकारीयो को आदेशित कर दिया गया है।

हिरण मगरी से. 4 में स्थित सामुदायिक भवन के पास मिनी ऑडिटोरियम

नगर निगम द्वारा हिरण मगरी से. 4 में स्थित सामुदायिक भवन के पास मिनी ऑडिटोरियम का प्रथम चरण में निर्माण कार्य राशि रु0 196.69 लाख से करवाया जा रहा है। उक्त मिनी ऑडिटोरियम लगभग 14000 स्क्वायर फीट क्षैत्रफल में बनवाया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित मिनी ऑडिटोरियम में 450 लोगो के बैठने की क्षमता है जिसमें कॉन्फ्रेस हॉल, ग्रीन रूम, लिफ्ट, पेन्ट्री, स्टोर, डोरमेट्री सम्पूर्ण स्ट्रक्चर एवं हैरिटेज कार्य प्रस्तावित है। उपरोक्त कार्य को पूर्ण करने की अवधि 12 माह है। कार्य प्रगति पर है।